# विषय : हिन्दी विशिष्ट **Set-C**

**निर्देश:–** सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश:–** (i) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न खण्ड–अ–ब में विभाजित है, इस प्रश्न में निर्धारित अंक 10 हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 में 8 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 14 से 25 में सभी प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।

## खण्ड 'अ'

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) तुलसीदासजी किस भक्ति शाखा के कवि हैं ?
(क) निर्गुण (ख) सगुण
(ग) ज्ञानाश्रयी (घ) प्रेमाश्रयी

(ii) 'पुरस्कार' जयशंकर प्रसाद की एक है :
(क) उपन्यास (ख) नाटक
(ग) कहानी (घ) एकांकी

(iii) चौपाई के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं :
(क) 11 (ख) 13
(ग) 16 (घ) 24

(iv) ' एक शंख बिन कुतुबनुमा' पाठ के लेखक हैं :
(क) हरिशंकर परसाई (ख) शरद जोशी
(ग) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (घ) इनमें से कोई नहीं

(v) चित्तौड़ राज्य की आराध्य देवी थीं :
(क) अम्बा देवी (ख) तुलजा भवानी
(ग) महा माया देवी (घ) शारदा देवी

## खण्ड 'ब'

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) पर्वत अपने ............... को जल में निहार रहा है।

(ii) महादेवी वर्मा के काव्य का मुख्य स्वर ............... है।

(iii) सूरदास ............... के सम्राट कहे जाते हैं।

(iv) मैथिली शरण गुप्त को ............... कवि कहा जाता है।

(v) कबीरदास के गुरु ............... हैं।

2. डॉ. खुराना को विदेश वापस क्यों जाना पड़ा ?

3. किन्हीं **दो** महाकाव्य के नाम उनके रचनाकारों के नाम सहित लिखिए।

4. रूपक अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।

5. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :
   (i) जिसे जीता न जा सके।
   (ii) जो सब कुछ जानता हो।

6. गुरु घासी दासजी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

7. वाक्यों को सुधार कर लिखिए :
   (i) उसने नेताजी को एक फूलों की माला पहनाई।
   (ii) महादेवी वर्मा एक विद्वान महिला थीं।

8. संसार की उन्नति में मजदूरों का क्या योगदान है ?

9. मधुलिका ने प्रेम और कर्त्तव्य का निर्वाह एक साथ किया है कैसे ?

10. पन्नाधाय उदय सिंह को चित्तौड़ का सूरज क्यों कहती हैं ?

11. स्थायी भाव व संचारी भाव में कोई **तीन** अंतर स्पष्ट कीजिए।

12. चाय या कॉफी पीने के संबंध में गांधीजी के क्या विचार थे ? स्पष्ट कीजिए।

13. दिए गये मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये:
    (i) नाक में दम करना। (ii) पानी-पानी होना।
    (iii) गढ़े मुर्दे उखाड़ना।

14. डॉ. रामकुमार वर्मा **अथवा** आचार्य रामचंद्र शुक्ल का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिये :
    (i) रचनाएँ कोई **दो**। (ii) भाषा-शैली।
    (iii) साहित्य में स्थान।

15. 'पंतजी ने कविता में पर्वतों का मानवीकरण किया है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

उत्साह एवं सहास में कोई **चार** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

16. कम्प्यूटर के प्रमुख अंगों के नाम तथा उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**अथवा**

शंखधारी व्यक्ति केवल उत्तर दिशा की ओर मुँह करके शंखनाद क्यों करना चाहता है ? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

17. महादेवी वर्मा **अथवा** सूरदासजी का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ कोई **दो**

(ii) भाव पक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

(iii) कला पक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

18. गांधीजी के जीवन में हास्य प्रवृत्ति का बहुत महत्व था। किन्हीं **दो** संस्मरणों के आधार पर उत्तर दीजिए।

**अथवा**

छत्तीसगढ़ अंचल की प्रमुख **चार** जातियों में पूजित देवताओं के नाम बताइए।

19. गूँगे और ज्ञानी की तुलना कर कबीर क्या बताना चाहते हैं?

**अथवा**

श्री कृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता को किस प्रकार दूर किया?

20. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये :

नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्दर है,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकार है,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन हैं,
बंदी जन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है,
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।

**अथवा**

कबहूँ ससि माँगत आरि करैं,
कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं।
कबहूँ कर ताल बजाय कै नाचत,
मातु सबै मन मोद भरैं।।
कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै,
पुनि लेत सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा,
तुलसी मन मंदिर में बिहरैं।

21. आपका नाम विशाल राम मंडावी है। आप शा. बालक उ. मा. विद्यालय राजनांदगाँव में दसवीं के छात्र हैं। नगर निगम आयुक्त राजनांदगाँव को अपने मोहल्ले में सफाई न होने की शिकायत कीजिए।

**अथवा**

अपने मित्र रमेश दुग्गा को हाईस्कूल परीक्षा प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण होने पर एक बधाई पत्र लिखिए।

22. मधुलिका की **पाँच** चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

संद्यःस्नात् रमणी के सौंदर्य की तुलना वर्षा से क्यों की गई है? प्रकाश डालिए।

23. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये :

'' साधना का एक चरम क्षण व्यर्थ जा रहा है बाबू! मैंने सात दिनों तक मंत्र साधना करके इस शंख में वह शक्ति उत्पन्न की है कि जिधर फूँक दूँ वही दिशा भस्म हो जाए, पर मुझे यह बताने वाला कोई नहीं है, कि उत्तर दिशा कहाँ है? कहाँ है उत्तर दिशा, कहाँ है?'' ''उन्होंने व्यथित स्वरों से कहा और शंख हाथ में लेकर चारों ओर घूमने लगे और उनके साथ मैं भी घूमने लगा।''

**अथवा**

'' चारों ओर अँधेरा था, घरौंदो के पीछे, उन मकान कहलाने वाले घरौंदो के, जहाँ दिन-रात की मजदूरी से थका-माँदा जीवन बिना लहराए टकराता और टकरा-टकराकर टूट जाता था और ये घरौंदे उसी तेजी से गला-पचा जीवन उगलते थे, जिस तेजी से दीवारों के पीछे कारखानों में तैयार माल।''

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''स्वस्थ शरीर के लिये व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम दो प्रकार का होता है—मानसिक और शारीरिक। पढ़ना, लिखना मनन-चिन्तन मानसिक व्यायाम के अंग हैं। घूमना, कसरत करना आदि शारीरिक व्यायाम कहलाता है। मानसिक व्यायाम के पश्चात् शरीर को विश्राम देना चाहिए। इसके साथ ही यह सत्य है कि मानसिक और बौद्धिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। जो लोग शारीरिक व्यायाम को अपने जीवन का लक्ष्य बना लेते हैं, उनके लिये व्यायाम का क्षेत्र अलग है। ऐसे लोगों के लिये यह व्यायाम आगे चलकर पहलवानी का उद्देश्य बन जाता है।''

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।

(ii) व्यायाम कितने प्रकार के होते हैं?

(iii) मानसिक व्यायाम के कौन - कौन से अंग हैं?

(iv) मानसिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये क्या आवश्यक है?

(v) स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है?

25. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :

(i) पर्यावरण-प्रदूषण कारण और निवारण।

(ii) देश में बढ़ता भ्रष्टाचार।

(iii) शिक्षा का अधिकार।

(iv) वर्तमान में कम्प्यूटर का महत्त्व।

— — — —